an>

Title: Need to construct a bridge on river Ram Ganga between Badagaon and Arjunpur in Hardoi Parliamentary Constituency.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी एवं गृह मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र हरदोई विधान सभा 154 सवायज़पुर में रामगंगा नदी पर बड़ागांव और अर्जुनपुर के मध्य पुल निर्माण कराने के लिए वर्षों से मांग की जा रही है। इस स्थान पर आजादी के 65 वर्षों बाद भी पंटून पुल के माध्यम से आवागमन हेतु निर्माण कराया जाता है, जो बाढ़ में प्रतिवर्ष अस्त-व्यस्त हो जाता है। बाढ़ के बाद पंटून पुल के ड्रम एकत्रित कर उससे रास्ते का संचालन किया जाता है।

मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि वर्ष 1976 में कार्तिक पूर्णिमा पर इसी स्थान पर नाव पलटने से 90 स्थानीय यात्रियों को जान गंवानी पड़ी थी। वर्ष 2012-13 में ट्रैक्टर-ट्राली पलट जाने की अनेकों घटनाएं घटी हैं, जिनमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इस स्थान पर इस पुल का निर्माण हो जाने से जनपद हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज तक सीधा रास्ता हो जायेगा, जो कि 10 किलोमीटर है। आज उसको तय करने के लिए लोकल लोगों को 55 से 60 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि इसका निर्माण कराने का कष्ट करें।

HON. SPEAKER: The House will now take up Matters under Rule 377.